an>

Title: Need to open a sainik hospital in Jhunjhunu Parliamentary Constituency.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): महोदय, मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्री जी से एक निवेदन करना चाहती हूँ। मेरा संसदीय क्षेत्र झुंझुनू जिला शेखावाटी क्षेत्र में आता है। यह शौर्यवान वीरों की भूमि है। इस महान सदन को मैं बताना चाहूँगी कि हिन्दुस्तान की सेना में सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले से हैं और सबसे अधिक शहीद मेरे जिले से हुए हैं। उन्होंने शेखावाटी के क्षेत्र में परमवीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र आदि दिलाकर देश की सच्ची सेवा की है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से उन सैनिकों का सम्मान करने के लिए, उन सैनिक परिवारों की सेवा के लिए अपने जिले में सैनिक अस्पताल की माँग कर रही हूँ। सरकार अवश्य मेरी माँग पर ध्यान देगी, ऐसा मुझे विश्वास है। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Shri P.P. Chaudhary and

Shri Prahlad Singh Patel are allowed to associate with the matter raised by Shrimati Santosh Ahlawat.